भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1840
सोमवार, 10 मार्च, 2025/19 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

बस्तर में 'ट्राइबल होमस्टे' को बढ़ावा देना

†1840. श्री महेश कश्यप:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के बस्तर में पर्यटन के संवर्धन हेतु 'ट्राइबल होमस्टे' को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए/जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए कदम उठाने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): सरकार ने 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' के भाग के रूप में पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत जनजातीय होमस्टे के विकास की पहल को अनुमोदित कर दिया है। उक्त पहल में 5 लाख रु. प्रति इकाई (नए निर्माण हेतु), 3 लाख रु. तक (नवीनीकरण) एवं ग्राम समुदाय की आवश्यकता के लिए 5 लाख रु. तक की सहायता से 1000 होमस्टे का विकास शामिल है।

पर्यटन मंत्रालय ने उक्त पहल के लिए दिशा-निर्देश का मसौदा परिचालित किया है एवं राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से परामर्श किया है। दिशा-निर्देश के मसौदे की मुख्य विशेषताओं में पर्यटकों एवं स्वदेशी लोगों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से समुदाय-आधारित जिम्मेदार पर्यटन का सृजन और पर्यटकों के लिए प्रामाणिक जनजातीय ग्रामीण अनुभव का सृजन करना शामिल है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन की अपनी जारी योजना के तहत गंतव्यों पर पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए देश में 5287.90 करोड़ रुपये की 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिसमें छत्तीसगढ़ में 1 परियोजना सहित जनजातीय परिपथ थीम के तहत स्वीकृत 371.47 करोड़ रुपये की 4 परियोजनाएं शामिल हैं। स्वदेश दर्शन योजना के जनजातीय परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची **अनुबंध** में है। गंतव्य-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी एवं

जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन गंतव्य के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया गया है एवं देश में 791.25 करोड़ रुपये की 34 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिसमें 21.56 करोड़ रुपये की 'मिडवे रिट्रीट, चुमुउकेदिमा, नागालैंड में जनजातीय सांस्कृतिक अनुभव' परियोजना शामिल है।

इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय अपने जारी प्रयास के रूप में अपने संवर्धनात्मक कार्यकलापों जैसे पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों, संवर्धनात्मक वेबसाइटों, सोशल मीडिया संवर्धनों आदि के माध्यम से जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक विरासत सहित देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है।

*****

अनुबंध

श्री महेश कश्यप द्वारा बस्तर में 'ट्राइबल होमस्टे' को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 10.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †1840 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के जनजातीय परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

राशि (करोड़ रु. में)

क्र.सं.	राज्य	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
1.	नागालैंड	(2015-16)	पेरेन - कोहिमा - वोखा में परिपथ का विकास	97.36
2.	छत्तीसगढ़	(2015-16)	जशपुर - कुनकुरी - मैनपाट - अंबिकापुर - महेशपुर - रतनपुर - कुर्दार - सरोद्दादर - गंगरेल - कोंडागांव - नथिया - नवागांव - जगदलपुर - चित्रकूट - तीर्थगढ़ का विकास	96.10
3.	तेलंगाना	(2016-17)	मुलुगु - लक्नावरम - मेडावरम - तडवई - दमरावी - मल्लूर - बोगाथा झरने का विकास	79.87
4.	नागालैंड	(2016-17)	मोकोकचुंग - तुएनसांग - मोन का विकास	98.14
कुल				**371.47**

*****